हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 26 .4 डिग्री
न्यूनतम 12 .5 डिग्री

11 जीवन को सुखमय बनाने को नकारात्मकता से दूर रहें



12 सब जूनियर वर्ग में हिसार व सोनीपत के बीच होगी खिताबी भिड़ंत



## खबर संक्षेप

### स्मॉल वंडर स्कूल का वार्षिकोत्सव कल

**हिसार।** सेक्टर-15 स्थित स्मॉल वंडर स्कूल के वार्षिक उत्सव का आयोजन एचएयू स्थित इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में 22 फरवरी को होगा। प्राचार्या तरुणा कुहाड़ ने बताया कि इसमें कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा मुख्यातिथि होंगे। वार्षिकोत्सव का टाइटल 'उड़ान छूना है आसमान' रखा गया है। जो अपने आपमें अनेक आकर्षण समेटे हुए है। नर्सरी से यू.के.जी. के बच्चें मोबाइल, वेल्कम साँग, पर्यावरण रेट्रो, एजुकेशन एक्ट प्रस्तुति देंगे।

### हनुमान मंदिर में फाल्गुन महोत्सव कल

**हिसार।** जवाहर नगर गली न. 6 स्थित हनुमान मंदिर में फाल्गुन महोत्सव 22 फरवरी मनाया जाएगा। महोत्सव सायं 5 बजे से प्रभु इच्छा तक चलेगा। इस अवसर पर गायक कलाकार कुमार सौरभ, किशोरी पलक, श्याम लाडली पावनी खुराना अपनी स्वरलहरियों से भजनों से गुणगान करेंगे। आयोजन मंडल के अनुसार महोत्सव में विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र होंगी। छप्पन भोग लगाया जाएगा तथा भक्तों के लिए भंडारा होगा। इस अवसर पर सुमित मित्तल, नवदीप वर्मा, रोहित खुराना, मोंटी राजा, सुमित काठपाल व अन्य आयोजन की तैयारी में जुटे हैं।

### मामा से 60 लाख रुपये लेकर इकलौते बेटे को डंकी रुट से भेजा था अमेरिका

# डंकी रूट से भेजा अमेरिका, दो भाइयों पर एफआईआर, अभी गिरफ्तारी नहीं

**14 फरवरी को डिपोर्ट होकर अमेरिका से भारत पहुंचा था कुलाना का आर्यन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

सदर थाना पुलिस अपने मामा के लड़के को विदेश भेजने के हसीन सपने दिखा कर 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने तथा डंकी रुट से अमेरिका भेजने वाले दो भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला कुलाना निवासी आर्यन की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। जिसे अमेरिका द्वारा 14 फरवरी को डिपोर्ट कर वापस भारत भेज दिया गया था।

आर्यन ने डिपोर्ट किए जाने के बाद शनिवार को घर पहुंचने के बाद हांसी एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा से मुलाकात कर विदेश भेजने के नाम पर 60 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाले अपनी बुआ के लड़कों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा ने उन्हें शिकायत दिए जाने के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया गया था। कुलाना निवासी आर्यन के द्वारा बुधवार को सदर थाना में शिकायत दिए जाने के उपरांत रोहतक निवासी रवि राठी तथा उसके राहुल राठी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कुलाना निवासी आर्यन को उसकी बुआ के लड़कों ने विदेश में नौकरी करने तथा वहां रहने के हसीन सपने दिखा कर विदेश जाने की ललक पैदा कर दी थी और परिजनों ने बेटे की जिद के आगे नतमस्तक होकर उसे वैध रूप से विदेश भेजने के लिए बहन के लड़के द्वारा विदेश भेजने के नाम पर मांगे गए 60 लाख रुपय के लिए अपनी दो एकड़ जमीन बेच दी थी।



■ आर्यन ने अपनी ही बुआ के लड़कों पर लगाया आरोप

लेकिन उन्होंने उनके साथ धोखाधड़ी करते हुए उसे वैध तरीके से अमेरिका भेजने की बजाय डंकी रुट से अमेरिका भेजने वाले डंकर्स के हवाले कर दिया और चार महीने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए जब आर्यन अमेरिका पहुंचा तो वहां की पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और 25 दिनों तक जेल में रखने के बाद 119 भारतीयों के साथ 14 फरवरी को अमेरिकन सेना के हवाई जहाज से वापस भारत भेजा।

### कॉलेज छात्र को पीटकर घायल किया, केस दर्ज

**मंडी आदमपुर।** पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र पर तीन युवकों ने हमला करके उसे घायल कर दिया। घायल साहिल वर्मा कोहली गांव का रहने वाला है और मंडी आदमपुर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में कंप्यूटर इंजीनियरिंग कर रहा है।

शिकायत के अनुसार साहिल अपने दोस्त अभय के साथ कॉलेज से रेलवे फाटक की ओर जा रहा था। मेन रोड से कॉलेज की तरफ मुड़ते ही तीन युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। इनमें भट्टू कलां का रहने वाला दिनेश और दो अज्ञात युवक शामिल थे। विरोध करने पर आरोपियों ने साहिल की पिटाई शुरू कर दी। लोकेश के साथ झगड़ा करने की सजा दे रहे हैं। आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल को पहले आदमपुर अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत के चलते डॉक्टरों ने उसे हिसार रेफर कर दिया। पुलिस ने साहिल की शिकायत पर दिनेश व दो अन्य पर केस दर्ज करके छानबीन आरंभ कर दी है।

### पैसे के लेन देन में युवक को पीटा, पांच लाख लूटे

**मंडी आदमपुर।** मंडी आदमपुर में एक युवक से उसके दोस्त और उसके साथियों ने मिलकर पांच लाख रुपये लूट लिए। पीड़ित राकेश कुमार का आरोपी मनोज कुमार के साथ 18 लाख रुपये का लेनदेन था। 17 फरवरी को राकेश अपने दोस्त सतपाल के साथ मनोज के घर हिसाब-किताब करने गया। मनोज वहां नहीं मिला। फोन पर बात करने पर मनोज ने रुकने को कहा। कुछ देर बाद मनोज अपने साथियों कुलदीप, हितेश, देव और पालाराम के साथ आया। आरोपियों ने सतपाल को वहीं बंधक बना लिया। राकेश को गाड़ी में डालकर दूसरे गांव ले गए। वहां उसके साथ मारपीट की और वीडियो भी बनाया। आरोपियों ने राकेश से 30 लाख रुपये की मांग की और जान से मारने की धमकी दी। मजबूरी में राकेश ने अपनी बुआ के बेटे नरेश से मदद मांगी। नरेश ने हिसार के सेक्टर-14 में आरोपियों के भेजे व्यक्ति को 5 लाख रुपये दिए। पैसे लेने के बाद आरोपियों ने राकेश को छोड़ दिया और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। सतपाल ने राकेश को हिसार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। आदमपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण, बंधक बनाने और धमकी देकर पैसे वसूलने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### निकाय चुनावः ईवीएम मशीनों व पोलिंग पार्टियों की द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न

**हिसार।** नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का दूसरा चरण आज संपन्न हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में जिला सभागार में गुरुवार को निकाय चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया करवाई गई। इस प्रक्रिया के दौरान चुनाव पर्यवेक्षक कमलेश भादू भी ऑनलाइन कनेक्ट हुए।

कंप्यूटरीकृत हुई इस प्रक्रिया के दौरान नगर निगम हिसार के रिटर्निंग अधिकारी हरबीर सिंह, नगर पालिका नारनौंद के रिटर्निंग अधिकारी मोहित महराणा, नगराधीश हरिराम, चुनाव तहसीलदार जगदीप मान, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दीपक भारद्वाज सहित राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि तथा चुनाव से संबंधित उम्मीदवारों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी दीपक भारद्वाज ने सभागार में उपस्थित तमाम अधिकारियों और राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के अलावा उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया को करवाया।

### मोबाइल हैक कर 277800 रुपये का फ्रॉड

**हांसी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मोबाइल फोन को हैक कर 2,77,800 रुपए का फ्रॉड करने के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के गांव अठोना निवासी अभिषेक पाल के रूप में हुई है। आरोपी ने दिसंबर 2024 में आर्य नगर कॉलोनी निवासी गीतांश के मोबाइल फोन को हैक करके 8 और 9 दिसंबर को एचडीएफसी बैक के बचत व करंट अकाउंट से यूपीआई माध्यम से 2,77,800 रुपये का फ्रॉड हुआ था। इसमें से फ्रॉड किए गए रुपयों में से कुछ रुपये पकड़े गए आरोपी ने कुछ रुपये कमीशन देकर अपने बैक खाते में डलवाए थे।

## प्रतीक्षा सूचीः जिले में 3888 प्रार्थी वेरीफाईः डीसी

■ प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से उपायुक्त अनीश यादव ने लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में जिले के सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों की बैठक लेकर योजना से जुड़े अहम दिशा-निर्देश जारी किए।

डीसी ने निर्देश दिए कि जिले में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत स्थायी प्रतीक्षा सूची में दर्ज 3888 प्रार्थियों की सूची को आगामी एक सप्ताह के भीतर वेरीफाई किया जाए। इस प्रक्रिया के पूर्ण होते ही पात्र लाभार्थियों को सहायता राशि की पहली किस्त जारी की जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वेरिफिकेशन कार्य 100 फीसद सटीकता के साथ सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े।

**मापदंड का रखें ध्यान**

डीसी ने अधिकारियों से कहा कि वे पात्रता के मापदंडों को ध्यान में रखते हुए कार्य करें और समयबद्ध तरीके से योजना के सभी चरणों को पूर्ण करें। डीसी यादव ने कहा कि खंड स्तर पर वेरिफिकेशन की प्रक्रिया पूरी होते ही जिला स्तर पर कार्य को शीघ्रता से निपटाया जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे इस कार्य को पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ करें ताकि किसी भी प्रकार की गलती न हो।

बैठक में डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डिप्टी सीईओ जिप कीर्ति सिरोहीवाल, बीडीपीओ विशाल, अशोक कुमार, राज सिंह और राहुल श्योकंद समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को योजना के लक्ष्यों और वेरिफिकेशन प्रक्रिया की गंभीरता से अवगत कराते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आवासहीनों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ एक को पकड़ा

**हांसी।** सीआईए ने एक अवैध पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान कैथल जिले के कोटड़ा गांव निवासी कमल के रूप में हुई है। प्रवक्ता के अनुसार सीआईए ने गश्त पड़ताल दौरान देपल गांव के नजदीक शक के आधार पर एक कार को रुकवाकर तलाशी ली तो गाड़ी में सवार व्यक्ति के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। अवैध पिस्तौल व कारतूस को कब्जा पुलिस में लेकर पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ थाना सदर में केस दर्ज कर न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेशानुसार दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## सिख धर्मगुरू सरदार ज्ञानी अमरीक सिंह 23 को हिसार में करेंगे धर्म प्रचार

**हिसार।** सिख धर्म प्रचारक ज्ञानी अमरीक सिंह चंडीगढ़ वाले 23 फरवरी को हिसार में धर्म प्रचार के लिए आ रहे है। ज्ञानी अमरीक सिंह संत भाई गोला जी संत भाई लक्ष्मी राम जी के तीन दिवसीय 77 वें सालाना समागम में हिस्सा लेने आएंगे। यह समागम स्थानीय धर्मशाला डेरा भाई जीवन सिंह में 21 फरवरी से आरंभ होगा। 21 फरवरी को गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ रखे जाएंगे तथा 23 फरवरी को दीवान सजाए जाएंगे जिसमें भाई लवप्रीत सिंह का जथा शब्द गायन करेगा।



ज्ञानी अमरीक सिंह।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा और विधायक व पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल विशेष तौर से उपस्थित रहेंगे। डेरा भाई जीवन सिंह प्रबंधक कमेटी के देवकी नंदन, महासचिव सुरेंद्र सिंह सेवादार हरमिंदर सिंह ने सांझे तौर पर जानकारी देते हुए बताया कि समागम में गद्दी नशीन भाई चरणजीत सिंह सरबत के भले के लिए सांझी अरदास करेंगे और लंगर की सेवा की जाएगी।



### प्रधान नरवाल सम्मानित

**हिसार।** घोड़ा फार्म रोड मार्केट एसोसिएशन के प्रधान वीरेंद्र नरवाल को सामाजिक कार्यों के लिए सेल्फ डिफेंस स्पोर्ट्स सोसायटी के कोच रोहताश कुमार ने सम्मानित किया। इस मौके पर राजेश जांगड़ा, चिरंजी लाल गोयल, सुभाष बिश्नोई, हनुमान बिश्नोई, नवीन, कृष्ण वर्मा, पंकज उर्फ बाबा, जैकी, कृष्ण, नवीन, रमेश, अमित, साहिल व जगे सिंह मौजूद रहे।

## जापान जाएंगे समाधा मंदिर के पूर्व महंत चंदन

■ कुंभ मेले में अपने प्राइवेट पार्ट से खींचा था भारी वाहन

**हांसी।** समाधा मंदिर के पूर्व महंत चंदन पुरी अगले महीने जापान में होने वाले खेलों में भाग लेंगे। महंत ने बताया कि उसने कुंभ के दौरान प्रयागराज में आयोजित एक प्रतियोगिता में अपने प्राइवेट पार्टस से भारी वाहन को खींचा था। जिस पर वहां मौजूद जापान डेलिगेट्स ने उन्हें जापान में 28 मार्च से होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लके लिए आमंत्रित किया हैं। उन्होंने बताया कि डेलिगेट्स ने जापान वीजा के लिए उसके जरूरी कागजात अपने साथ ले गया हैं। उन्होंने बताया कि अगर प्रतियोगिता में विजेता रहा तो उसे भारतीय करेंसी के अनुसार एक करोड एक लाख का इनाम दिया जाएगा।

महंत चंदन पुरी हांसी के समाधा मंदिर के महाराज जगन्नाथ पुरी के शिष्य हैं व अभी भाटला गांव स्थित मठ में रहते हैं। वह पिछले दिनों कुंभ स्नान के लिए गए थे, जहां उन्होंने एक खेल प्रतियोगिता के दौरान अपने प्राइवेट पार्ट से वाहन को खींचकर सबको अचंभित कर दिया था, जिसके बाद वहां मौजूद जापान डेलिगेट्स ने जापान में 28 मार्च को शुरू होने वाली खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया हैं और प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जापानी वीजा के लिए अप्लाई किया गया हैं।

### कपास में 'एकीकृत खेती प्रबंधन' पर प्रशिक्षण शिविर

# उत्पादन व क्षेत्र बढ़ाने पर फोकसः वीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा है कि उन्नत कृषि तकनीक अपनाकर कपास की बेहतर पैदावार प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने अधिकारियों से कपास का क्षेत्र एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया है।

प्रो. बीआर काम्बोज गुरुवार को कपास में 'एकीकृत खेती प्रबंधन' के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधन दे रहे थे। हकृवि के मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में प्रदेश के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त कृषि निदेशक (कपास) डॉ. रामप्रकाश सिहाग ने की।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने कहा कि लक्ष्य हमेशा बड़ा होना चाहिए। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अधिकारियों को और अधिक बेहतर ढंग से कार्य करना होगा। उन्होंने कपास की अधिक पैदावार लेने के लिए उन्नत किस्म के बीजों का चयन, उचित समय पर बुवाई, खरपतवारों पर नियंत्रण, निर्धारित मात्रा में खाद और पानी का प्रयोग व कीटों और रोगों से बचाव के लिए समय पर उपाय करने की हिदायत दी। उन्होंने कपास की फसल के लिए किसानों को जागरूक करने के लिए ब्लाक स्तर पर प्रदर्शन प्लांट लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को फिल्ड वर्क के प्रति पूरी सजगता के साथ कार्य करना होगा ताकि किसानों को समय पर फसल संबंधी तकनीकी जानकारी मिलती रहे। कुलपति ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।



### कपास प्रदेश में एक महत्वपूर्ण नगदी फसलः डॉ. सिहाग

डॉ. रामप्रकाश सिहाग ने बताया कि कपास हरियाणा प्रदेश की एक महत्वपूर्ण नगदी फसल है। यह प्रशिक्षण हरियाणा सरकार के कृषक हितैषी दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिससे प्रदेश के कपास उत्पादक किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। किसानों को कीटों से बचाव के लिए कम लागत वाली तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। नवीनतम तकनीक से किसान कम संसाधनों में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

### तकनीकी जानकारी दी

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि प्रशिक्षण में गुलाबी सुंडी सफेद मक्खी के प्रभावी प्रबंधन पर जोर दिया गया। गुलाबी सुंडी नरमा की लकड़ियों के ढेर और अधखुले टिंडों में निवास करती है, इसलिए इन लकड़ियों को झाड़कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर रखें और टिंडों को नष्ट कर दें। उखेड़ा रोग, रूट रॉट, पैरा विल्ट, जड़ गलन रोग, मरोड़िया रोग और टिंडा गलन रोग की जानकारी दी। निदेशक डॉ. रमेश यादव, डॉ. शुभम लांबा, डॉ. अरुण यादव, हकृवि कपास अनुभाग के अध्यक्ष डॉ. कर्मल सिंह मलिक, डॉ. सोमवीर, डॉ. अनिल कुमार सैनी, डॉ. शिवानी मंधानिया, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. अनिल कुमार एवं डॉ. दीपक कुमार ने विस्तृत जानकारी दी।



शोरूम :- पीएलए मार्किट के सामने, रिलायंस फ्रैश के पास, दिल्ली रोड, हिसार, टेली. 1800 890 6026

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चों, बालभूमि में ही हमने तुम्हें दुनिया के कुछ अनोखी डॉल्स म्यूजियम्स के बारे में बताया था। अब हम तुम्हें दुनिया के अलग-अलग देशों की मशहूर डॉल्स के बारे में बता रहे हैं। ये डॉल्स न सिर्फ अपने देश में प्रसिद्ध हैं, बल्कि पूरी दुनिया के बच्चे इन्हें खूब पसंद करते हैं।

# मन को लुभाती प्यारी-अनोखी डॉल्स



बच्चों, आज भले ही वीडियो गेम्स और अन्य तरह-तरह के गेम्स की वजहों से बच्चे गुड़ियों से कम खेलते हों, लेकिन जब भी उनकी नजर किसी प्यारी और अनोखी डॉल पर पड़ती है तो वे इसे पाने के लिए मचल उठते हैं। इसके साथ मजे से खेलते हैं।

### गुड़ियों की कैसे हुई शुरुआत

गुड़ियों को बनाने की शुरुआत सबसे पहले प्राचीन यूनान (अब ग्रीस) और मिस्र (अब इजिप्ट) में हुई। इसके बाद दुनिया के बहुत से देशों ने अपनी संस्कृति और समाज की परंपराओं, मान्यताओं, रीति-रिवाजों और आस्थाओं के आधार पर तरह-तरह की गुड़ियां बनानी शुरू कीं। आओ, जानते हैं दुनिया की कुछ मशहूर और अनोखी डॉल्स के बारे में-

### रूस की मैट्रियोश्का डॉल्स

इन डॉल्स को, नेस्टिंग डॉल या स्टेकिंग डॉल के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें पहली बार बनाने का श्रेय यूलिया बेरेजनित्स्काइया को जाता है। लकड़ी की बनी ये डॉल्स सिंगल नहीं, ग्रुप्स में होती हैं। इन्हें इस तरह बनाया जाता है कि एक के भीतर एक डॉल रखी जा सके। इन्हें खोलकर भीतर से एक से छोटी दूसरी, उससे छोटी तीसरी, इसी प्रकार कई डॉल्स निकाली जा सकती हैं। इस तरह गुड़ियों का एक छोटा-सा परिवार बन जाता है। इन डॉल्स की संख्या 3 से 10 तक होती है, एक के भीतर एक। एक मैट्रियोश्का में 51 गुड़ियों का विश्व रिकॉर्ड भी बन चुका है। इन डॉल्स को 'बाबुश्का' की तरह बनाया जाता है। बच्चों, 'बाबुश्का' शब्द का मतलब है 'बूढ़ी औरत' या 'दादी'। बेहद प्यारी दिखने वाली डॉल मैट्रियोश्का की पोशाक परंपरागत रूसी कृषक महिलाओं जैसी होती है।

### ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

ऐसा कहा जाता है कि अगर कोई इंसान चिंताओं से घिरा रहता है, तो वरी डॉल उसे राहत पहुंचाती है। ग्वाटेमाला की यह गुड़िया, घर में उपलब्ध सामग्रियों से बनाई जा सकती है। इसे अकसर रद्दी कपड़ों, पतली छड़ियों, सींक, तार, धागे आदि की सहायता से बनाया जाता है। इसे बनाने का कोई



ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

निश्चित तरीका नहीं है। कई अलग-अलग तरीके से विभिन्न आकार-प्रकार की 'वरी डॉल्स' बनाई जाती हैं। यह डॉल्स प्रायः बच्चों के लिए ही बनाई जाती हैं, ताकि वे रात में आराम से सो सकें। माना जाता है कि तकिए या बिस्तर के पास इस डॉल को रखने से बच्चों को परेशान करने वाली चिंताएं और बुरे सपने गुड़िया में चले जाते हैं, जिससे बच्चों को रात में अच्छी नींद आती है। असल में बच्चों को अपने साथ किसी के होने का एहसास होता है। स्वाभाविक सी बात है, इससे बच्चे अपने आपको सिक्योर फील करते हैं।

### जापान की कोकेशी डॉल्स

आमतौर पर जापानी गुड़िया के नाम से जानी जाने वाली कॉकेशी डॉल्स ज्यादातर लंबी होती हैं।



इसके हाथ, पैर अलग से नहीं बनाए जाते। बस ऊपर गोल सिर होता है। जापान के अलग-अलग प्रांतों में बनने और मिलने वाली कोकेशी डॉल्स के चेहरे का आकार, डिजाइन और शैली प्रांत के कल्चर के हिसाब से अलग-अलग होती है। यहां स्त्री, पुरुष और बच्चों की आकृतियों वाले कोकेशी डॉल्स मिलते हैं।

### अफ्रीका की नब्देले डॉल्स

नब्देले या नेबेले डॉल का नाम दक्षिण अफ्रीकी जनजाति के छोटे कद के लोगों से लिया गया है। ये



गुड़िया रंग-बिरंगी होती हैं, इन पर मोतियों की कारीगरी भी की जाती है। नब्देले डॉल्स अलग-अलग शैलियों में बनाई जाती हैं। प्रत्येक का एक अलग अर्थ है। कुछ का उपयोग दूसरी दुनिया की शक्तियों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ ऐसी डॉल्स होती हैं, जो नई दुल्हन को उपहार स्वरूप दी जाती हैं। इन्हें एक शुभ शगुन के रूप में देखा जाता है। *

### बार्बीः सबसे पॉपुलर डॉल



बच्चों, तुम सब की चहेती बार्बी डॉल का निर्माण अमेरिका की बिजनेस वूमन रूथ हैंडलर ने 1959 में किया था। उनका यही उद्देश्य था कि छोटी बच्चियां, इन्हें देखकर अपने सुंदर भविष्य की कल्पना करें। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से इंस्पायर थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच पॉपुलर होने लगी। आज बार्बी दुनिया की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल है।

आओ जानें / कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

# सड़क के किनारे पेड़ क्यों लगाए जाते हैं?

बच्चों, जब तुम सड़क मार्ग से यात्रा करते हो, तो तुम्हें सड़क के दोनों किनारों पर पेड़ नजर आते होंगे। राजमार्ग यानी नेशनल हाईवे से यात्रा करने के दौरान सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर पर भी विभिन्न प्रकार के छोटे पौधे लगे दिखते हैं। क्या तुम जानते हो, सड़क के किनारे या सड़क के बीचों-बीच इस तरह से पेड़ क्यों लगाए जाते हैं? जानो, इसकी खास वजह।



**वाहनों का शोर करते हैं कंट्रोलः** वाहनों के इंजन, हॉर्न की आवाजें सबको अप्रिय लगती हैं, ये ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाती हैं। सड़क के किनारे या बीच में लगे पेड़, वाहनों की इस आवाज को अवशोषित कर लेते हैं। इस तरह शोर की मात्रा पर काफी कंट्रोल करते हैं। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाले धुएं में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पेड़-पौधे, ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध होता है।

**कहलाते हैं ग्रीन मफलरः** ऐसे पेड़-पौधे, जो सड़क के किनारे या बीचों-बीच लगाए जाते हैं, उनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं। 'मफलर' का अर्थ है शोर को कम करना। दरअसल, ऑटोमोबाइल वाहनों में एक ऐसा यंत्र होता है, जो इंजन द्वारा उत्पन्न ध्वनि को कम करता है, उसे मफलर कहते हैं। अब चूंकि पेड़-पौधे भी वाहनों से निकलने वाली ध्वनियों को कम करते हैं, इसलिए इनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं।

**यात्रियों को मिलती है छाया-शीतलताः** सड़क के किनारे लगे पेड़, यात्रियों को छाया और शीतलता भी प्रदान करते हैं। सड़क के डिवाइडर के बीच में छोटे-छोटे पौधे लगाने का भी यही कारण है। रात को जब वाहन डिपर का प्रयोग करते हैं तो ये पेड़, प्रकाश का अवशोषण कर लेते हैं और सामने से आ रहे वाहन चालक की आंखों में पड़ने वाली चमक को भी हल्का कर देते हैं। इसके अलावा खास बात यह है कि हरा रंग, हमारी आंखों को आराम देता है। इस वजह से हरियाली के कारण सड़क यात्रा के दौरान चालक और यात्रियों की थकावट कम हो जाती है और उनको आराम मिलता है। पेड़-पौधों की हरियाली से सड़कें खूबसूरत दिखती हैं। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## खेलें छुपन-छुपाई



गोल है सूरज, चंदा गोल
एक-दूजे के बने विलोम।
भेदभाव पर कभी न करते
धरा के ये साथी अनमोल।
घमंड कभी सूरज न करता
रोशन सारे जग को करता।
धरती के मस्तक को जैसे
हर संध्या टीका है करता।
चंदा भी विनम्र बड़ा है,
पहरे पर हर रात खड़ा है।
जितनी भी दे सूर्य रोशनी
खुशी-खुशी से घटा-बढ़ा है।
चंदा-सूरज, हैं परछाई
नहीं, न करते कभी लड़ाई।
रात और दिन बांटे ऐसे,
जैसे खेलें छुपन-छुपाई।

तुम्हारे लिए नई किताब

## मीठी-मीठी सात कहानियां

बच्चों, कुछ समय पहले ही कहानियों की एक नई किताब 'कार्टून फिल्म का कमाल' छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। सातों कहानियां बहुत मीठी-मीठी हैं। मीठी इसलिए क्योंकि ये मनोरंजन तो करती ही हैं, सीख भी देती हैं। 'अनूठी दोस्ती' क्रिकेट खेलने के शौकीन बच्चे अग्रिम की कहानी है, जिसे किताबें पढ़ना अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर अग्रिम की दीदी कैसे किताबों से उसकी दोस्ती करवा देती है, यह इस कहानी में पढ़ सकते हो। कुछ इसी तरह पढ़ने और किताबों के महत्व को बताती है, संकलन की आखिरी कहानी 'दीदी की कविता।' 'कार्टून फिल्म का कमाल' एक ही क्लास में पढ़ने वाले अनंत और संवेदन की कहानी है, जो दौड़ प्रतियोगिता में फर्स्ट आने के लिए गलत तरीका अपनाने की सोचते हैं। फिर कैसे एक कार्टून फिल्म देखकर संवेदन और उसके दोस्तों का मन बदलता है, इसे बहुत सरल ढंग से इस कहानी में बताया गया है। 'फर्स्ट आने का सीक्रेट' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि एग्जाम में अच्छे मार्क्स लाने के लिए हैंड राइटिंग का अच्छा होना कितना जरूरी है! फास्ट फूड खाने से क्या परेशानियां हो सकती हैं, इसे तुम 'सुधर गया अंकित' कहानी में पढ़ सकते हो। 'अलादीन का चिराग' नन्ही गुनगुन की कहानी है, जो बहुत अनोखे ढंग से अपने मम्मी-पापा की आपसी नाराजगी को दूर कर देती है। 'शैतानी का पिटारा' नटखट नीशु और उसके छोटे भाई ईशु की कहानी है। नीशु अपने भाई को प्यार तो बहुत करता है लेकिन उसे परेशान भी करता है। कैसे उसकी यह आदत छूटती है, इसे जानने के लिए तुम्हें यह कहानी पढ़नी होगी। *




-विज्ञान भूषण

**किताबः** कार्टून फिल्म का कमाल, **लेखिकाः** आरती 'आस्था'
**मूल्यः** 149 रुपए, **प्रकाशकः** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

कहानी
सिराज अहमद

घोड़े को यह बात जरा भी रास नहीं आई कि वह जहां घास चरता है, वहीं पर भैंस भी घास खाए। उसने भैंस के सामने अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी चाही, लेकिन भैंस ने जो कर दिखाया, घोड़ा देखता रह गया। ऐसा क्या करिश्मा किया भैंस ने जो घोड़े की शक्ति फिस्स हो गई?

# घोड़ा और भैंस



जहां घोड़ा घास चरता था, आज वहां पर एक भैंस भी आ गई थी। यह देखकर घोड़ा तमतमा उठा। वह सोच रहा था कि जिस मैदान पर उसका एकछत्र राज हुआ करता था, उस पर अब इस भैंस की भी हिस्सेदारी होगी। गुस्से में घोड़े के नथुने फूल उठे। सिर गरम होने लगा। टप–टप, टप–टप चलता हुआ, भैंस के पास पहुंचकर उसने कड़क आवाज में पूछा, 'तुम यहां कैसे?'

भैंस के गले में घंटी बंधी थी। जैसे ही उसने सिर उठाया, घंटी बज उठी। घोड़े को देखकर उसे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उसने एक नजर घोड़े पर डाली, फिर घास चरने लगी। घास चरते हुए ही भैंस बोली, 'तुम्हारे ही मालिक ने मुझे भी खरीदा है। कल ही तो वो मुझे बाजार से लेकर आए हैं। अब मैं भी तुम्हारे साथ यह जगह साझा करूंगी।'

यह सुनकर घोड़े को थोड़ी हैरत जरूर हुई। लेकिन वह उससे क्या कहे, इस सोच में पड़ गया। अपने मालिक पर भी उसे गुस्सा आ रहा था। जब उसे कुछ समझ न आया तो वह भारी आवाज में भैंस से बोला, 'दो-दो लात कर लो, जो जीता वह यहां रहेगा।' घोड़े को पता था कि उसकी लात के आगे भैंस टिक नहीं पाएगी। पहले तो भैंस ने उसकी बातों में कोई दिलचस्पी न ली, लेकिन जब यह देखा कि वह अभी वहीं खड़ा है तो उसने अपना सिर उठाया। गले की घंटी बज उठी। इत्मीनान से उसने घोड़े को देखा। फिर ठहरकर बोली, 'दो-दो सींग करो, जो जीता वह यहां रहेगा।' भैंस की बात सुनकर घोड़ा सकते में आ गया, क्योंकि घोड़े के तो सींग ही नहीं होती। कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। घोड़ा और भैंस एक-दूसरे को देखते रहे।

तभी वहां पर एक काला सांप आ गया। वह फन फैलाकर फुफकार रहा था। घोड़े को देखकर बोला, 'मैं दो-दो दांत करूंगा। कल मैं तुम्हारे पैरों से कुचलते-कुचलते बच गया था, अब देखो तुम मेरी ताकत।'

सांप तेजी से रेंगता हुआ घोड़े के पैरों की तरफ लपका ही था, तभी भैंस ने अपनी सींग से उसे उठाकर हवा में उछाल दिया, बहुत दूर। भैंस के गले में पड़ी घंटी जोर से बज उठी और देर तक बजती रही।


घोड़े का दिल जोर-जोर से धड़क रहा था। थोड़ी दूर तक तो सांप हवा में दिखा फिर सबकी आंखों से ओझल हो गया। घोड़ा वहां खड़ा सोचता रह गया कि आखिर भैंस ने उसे बचाया क्यों?

उधर भैंस हरी-हरी घास चरने में फिर से मस्त हो गई। दो-दो लात और दो-दो सींग की बात भी उसी सांप के साथ चली गई थी। *

कहानी
अशोक वाधवाणी

मंदिर के बाहर जब सुभाष को अपनी चप्पल नहीं मिली तो उसने किसी दूसरे व्यक्ति की चप्पल पहन कर जाने की सोची, लेकिन उसके दोस्त आलोक ने रोका, बोला कि वह ऐसा ना करे, यह तो चोरी है। क्या सुभाष ने अपने दोस्त की बात मानी, क्या उसकी खोई चप्पल मिली?

# सही-गलत



सुभाष अपने दोस्त आलोक के साथ मंदिर में भगवान के दर्शन करके जब बाहर आया तो सीढ़ियों के पास रखी उसकी चप्पल गायब थी। सुभाष ने देखा उसकी चप्पल की जगह उसी तरह की डिजाइन और सेम साइज वाली दूसरी चप्पल पड़ी थी, सिर्फ उस चप्पल का कलर अलग था। सुभाष गुस्से से बोला, 'पता नहीं किसने मेरी चप्पल चुरा ली?'

सुभाष की बात सुनकर आलोक तुरंत बोला, 'मैंने तुमसे पहले ही कहा था कि चप्पल स्टैंड पर चप्पल रखते हैं। मैंने तो रखी लेकिन तुमने दो रुपए बचाने के चक्कर में मेरी बात नहीं मानी।'

'यार, जब देखो तब तुम मेरी खिंचाई ही करते रहते हो। यह अच्छी बात नहीं है।' सुभाष खीझे स्वर में बोला।

'तुम गलत बोल रहे हो। मैं हमेशा तुम्हारे हित के लिए ही बोलता हूं।' आलोक बोला।

आलोक की बात अनसुनी करते हुए सुभाष ने अपना इरादा बताया, 'छोड़ो यार! यहां रखी चप्पल को पहन कर अब चलता हूं।'

आलोक ने सुभाष को रोका, 'ऐसा ना करो। थोड़ी देर प्रतीक्षा करते हैं। हो सकता है कोई हड़बड़ी में तुम्हारी चप्पल पहन कर चला गया हो और बदलने के लिए कुछ देर में लौट आए।'

'आलोक हर काम के लिए तुम्हारी रोक-टोक मुझे पसंद नहीं। मेरी बात मानना तुम सही नहीं समझते हो। आखिर तुम मेरे मित्र हो या शत्रु?' सुभाष के स्वर में नाराजगी थी।

आलोक ने अपने दोस्त सुभाष को फिर से समझाने की कोशिश की। उसने प्यार से समझाते हुए कहा, 'मैं तुम्हारा दोस्त हूं, शुभचिंतक हूं, इसलिए तुम्हें गलत काम करने से टोकता हूं। चलो, थोड़ी देर के लिए मान लेते हैं कि तुम्हारी चप्पल चोरी हो गई है। लेकिन उसके बदले में किसी और की चप्पल पहन कर चल देना, चोरी ही कहलाएगी।'

आलोक की इस बात के आगे सुभाष के पास कोई जवाब नहीं था। वह मन मारकर चप्पल ले जाने वाले की प्रतीक्षा करने लगा। थोड़ी देर बाद सुभाष ने देखा, एक नौजवान उसकी चप्पल पहने तेज कदमों से मंदिर की ओर आ रहा है। वहां रखी अपनी चप्पल पहचान कर खुश हुआ। वह सुभाष की चप्पल छोड़कर, अपनी चप्पल पहन कर चला गया।

आलोक ने मुस्कुराते हुए सुभाष की ओर देखा। उसके चेहरे पर शर्मिंदगी के भाव थे। *

## जीके क्विज-142

1. हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ चार हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. पिछले दिनों राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?
3. दिल्ली की नई मुख्यमंत्री कौन बनी हैं?
4. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किस अधिनियम को 'काला बिल' कहा गया?
5. अपने देश में वर्ष का सबसे छोटा दिन कब होता है?
6. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के राइटर कौन हैं?
7. रिकेट्स नामक रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
8. सूर्य में कौन-सी गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है?
9. हीटर का तार किस मिश्र धातु का बना होता है?
10. भारत द्वारा प्रक्षेपित पहले कृत्रिम उपग्रह का क्या नाम था?



बच्चों, जीके क्विज-142 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-141 का उत्तर :** 1.भारतीय जनता पार्टी, 2.रवींद्र जडेजा, 3.अर्जेंटीना, 4.बृहस्पति, 5.वर्द्धमान, 6.राजेंद्र प्रसाद, 7.हरा, 8.एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक, 9.सिक्किम, 10.जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-141 का सही उत्तर देने वाले :** मनीष-रायपुर, कबीर-हिसार, ज्योति-रायगढ़, मान्या-दिल्ली, रोहित-हिसार, अंजना-बिलासपुर, साकेत-महासमुंद, सृष्टि-बलोद, नवीन-दुर्ग, पीयूष-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक


## रंग भरो-169

**रंग भरो-169** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



दिशांत, महेंद्रगढ़



सानवी, रायपुर



प्रगति, बिलासपुर



चहक, ईमेल से



सौम्य, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

तेजस-रायपुर, वसनि-रायपुर, अंकित-दुर्ग, पूजा-महासमुंद, दीपक-मटियारी, कुशल-रोहतक, दीपा-गुना, छवि-करनाल, साकेत-बलौदा बाजार, कनिष्क-धमतरी, काव्या-बालोद, देवेन-भोपाल, राजन-दिल्ली, दिव्या-राजनांदगांव, कल्पित-बालोद

## रंग भरो 170



बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा ट्वॉय कार से खेल रहा है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



**खबर संक्षेप**

### दुकान में गैस लीक होने से लगी आग, हड़कंप

**फतेहाबाद।** रविदास चौक पर स्थित एक मिठाई की दुकान में मंगलवार को गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। आग लगते ही आसपास के लोग घबराकर इधर-उधर भागने लगे। घटना की सूचना मिलने के करीब 20 मिनट बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन दुकान को कुछ नुकसान जरूर पहुंचा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दुकान के अंदर रखे गैस सिलेंडर से अचानक गैस रिसाव हुआ, जिससे आग भड़क गई।

### डीसी ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, 3 का समाधान

**फतेहाबाद।** उपायुक्त मनदीप कौर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने जनता से सीधे रूप से जुड़े विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह से संवेदनशील होकर कार्य करें। सरकार के निर्देशानुसार जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

### लाखों रुपये की हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान सिरसा बस स्टैंड क्षेत्र से एक युवक को लाखों रुपये की 36 ग्राम 28 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान सिरसा बस स्टैंड मेन गेट के पास मौजूद थी। इसी दौरान बस स्टैंड में स्थित पानी की टंकी के पास से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया।

### 79.885 किलो डोडापोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव मोचीवाली क्षेत्र से 79 किलो 885 ग्राम डोडापोस्त संलिप्त में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसआई प्रेम कुमार ने बताया बीती 29 नवंबर 2024 को सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डिंग थाना क्षेत्र के गांव मोचीवाली से जोधकां की ओर जा रही थी।

## विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित रोजगार दिलाना विश्वविद्यालय की उच्च प्राथमिकता : प्रो. बिश्नोई

# गुजवि के 101 विद्यार्थियों का अंतरराष्ट्रीय कंपनी में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के क्षेत्र में सफलता के नए शिखर को छुआ है। विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार गुजविप्रौवि के 101 विद्यार्थी एक साथ किसी एक कम्पनी के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित हुए हैं। खास बात यह है कि विद्यार्थियों का यह चयन विश्व प्रतिष्ठित कंपनी इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। गुजवि में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड ने विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय विविधता पूल कैंपस ड्राइव आयोजित किया था।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने चयनित विद्यार्थियों से मुलाकात करके उनको शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गुजवि अब राष्ट्रीय सीमाओं के पार जाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान को मजबूत कर रहा है। इंफोसिस प्राइवेट लिमिटेड जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनी में 101 विद्यार्थियों का एक साथ कैम्पस प्लेसमेंट होना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित रोजगार दिलाना विश्वविद्यालय ने उच्च प्राथमिकता में रखा है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. विजय कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल का यह प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय है।



हिसार। वीसी को चयनित विद्यार्थियों की सूची सौंपते प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह।



हिसार। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार के साथ चयनित विद्यार्थी।

प्लेसमेंट निदेशक डा. प्रताप सिंह ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्लेसमेंट ड्राइव में 25 सरकारी विश्वविद्यालयों और उनके संबद्ध महाविद्यालयों के 366 विद्यार्थियों ने अपने-अपने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर्स (टीपीओ) के साथ भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में 34 छात्राएं चयनित हुई हैं, जिनमें से 23 छात्राएं गुजवि की हैं। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को मैसूर स्थित इंफोसिस ग्लोबल एजुकेशन सेंटर में प्रशिक्षण दिया जाएगा और उसके बाद उन्हें इंफोसिस के विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त किया जाएगा। इस दौरान चयनित विद्यार्थियों को 9.5 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज के साथ सिस्टम इंजीनियर से सीनियर सिस्टम इंजीनियर के रूप में अपनी प्रोफाइल को अपग्रेड करने का अवसर भी दिया जाएगा।

### इन विभागों के 101 विद्यार्थी हुए चयनित

प्लेसमेंट सेल के सहायक निदेशक डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि गुजवि के चयनित 101 विद्यार्थियों में विभिन्न विभागों के विद्यार्थी शामिल हैं। विश्वविद्यालय के बीटेक सीएसई कोर्स से 38, बीटेक आईटी कोर्स से 21, बीटेक सीएसई एआईएमएल से 24, एमसीए से तीन, एमटेक सीएसई से दो, बीटेक ईसीई से तीन, बीटेक ईई से दो, एमएससी सीएस एआई-डीएस से एक, एमएससी मैथेमेटिक्स से पांच और एमएससी फिजिक्स से दो विद्यार्थी चयनित हुए हैं। इसके अतिरिक्त इस प्लेसमेंट ड्राइव में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (बीपीएसएमवी), खानपुर कलां, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़, जेएमआईटी, रादौर, जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद, दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल, टीआईटीएस भिवानी, चौधरी देवी लाल स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीडीएलएसआईईटी), सिरसा के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### दक्ष के 42 विद्यार्थियों को मिली प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु दक्ष बहुतकनीकी संस्थान ने एक बार फिर से अपने उत्कृष्ट शैक्षिक स्तर और प्रभावी प्रशिक्षण प्रणाली का प्रमाण दिया है। संस्थान के इलैक्ट्रोनिक्स व कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और इंस्ट्रूमेन्टेशन व कंट्रोल इंजीनियरिंग विभागों के 42 विद्यार्थियों का चयन स्यारमा एसजीएस टेक्नोलॉजी लिमिटेड, मानेसर में कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से हुआ है। इनमें 27 विद्यार्थी इलैक्ट्रोनिक्स, 3 इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और 12 इंस्ट्रूमेन्टेशन व कंट्रोल इंजीनियरिंग विभाग से हैं। इन्हें वार्षिक 2.16 लाख रुपये के पैकेज पर नियुक्ति दी गई है। ये सभी विद्यार्थी अभी अपने अंतिम सेमेस्टर में हैं, लेकिन उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा और व्यावहारिक ज्ञान को देखते हुए उन्हें पहले ही नौकरी की पेशकश मिल गई है। यह सफलता हरियाणा सरकार की प्रगतिशील शिक्षा नीति और तकनीकी शिक्षा विभाग के एडीशनल चीफ सेक्रेटरी विनित गर्ग और डायरेक्टर जनरल प्रभजोत सिंह के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। सत्र में 2022-25 बैच के लगभग 200 विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों जैसे जीबीटीएल (भिवानी), वर्धमान टेक्सटाइल (लुधियाना), नाहर ग्रुप (लालरू), बृज एंड कंपनी (सोनीपत), एस्कॉर्ट कूबोटा (फरीदाबाद), सीएमआर ग्रीन (पलवल), स्यारमा एसजीएस (नई दिल्ली), और कृष्णा मारुति (खरखोदा) में रोजगार मिला है। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य डॉ. सुनील कुमार और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. मुकेश बंसल ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।



### वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में डेटा का विश्लेषण करना एक महत्वपूर्ण कौशल : प्रो. नरवाल

हिसार। गुजवि के कॉमर्स विभाग में से 'एक्सेल इसेन्शियल : फ्रोम बेसिक्स टू एडवांस्ड' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्धेश्य विद्यार्थियों को माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल के व्यावसायिक अनुप्रयोगों, डेटा विश्लेषण और ऑटोमेशन तकनीकों में दक्ष बनाना रहा, जिससे विद्यार्थी आधुनिक व्यावसायिक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को डेटा विजुअलाइजेशन, उन्नत फॉर्मूले, पिवट टेबल्स, रिपोर्ट ऑटोमेशन और व्यावसायिक डेटा विश्लेषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। आईसीईएस इंस्टीट्यूट के रजत नागपाल ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन प्रो. कर्मपाल नरवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में डेटा का कुशलतापूर्वक विश्लेषण करना एक महत्वपूर्ण कौशल है। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया है, जिससे वे अपने करियर में नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकें। कॉमर्स विभाग की अध्यक्षा डॉ. निधि तुरान ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों को भविष्य के व्यावसायिक नेतृत्व के लिए तैयार करती हैं। यह उन्हें उद्योग की मांगों के अनुरूप कौशल प्रदान करती है। विभाग इस तरह की कार्यशालाएं भविष्य में भी करवाता रहेगा। इस मौके पर कैरियर काउंसलिंग सेल की अध्यक्षा डॉ. मोनिका, डॉ. विजेता कुकरेजा, डॉ. अभिषेक पुनिया, फरहत अख्तर व गौरव मित्तल ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# गंगवा में सात दिवसीय एनएसएस शिविर

- शिविर में सामाजिक व नागरिक जिम्मेदारी के प्रति करेंगे जागरूक
- व्यक्तित्व व चरित्र निर्माण में एनएसएस का अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय द्वारा गंगवा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में उपरोक्त महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा मुख्य अतिथि जबकि प्रभारी अधिकारी डॉ रचना गुलाटी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। अधिष्ठाता डॉ. राजेश गेरा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से उनका व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण करना है। विद्यार्थियों में नेतृत्व के गुण, सामाजिक बुराइयों को दूर करना, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्ष तथा सामाजिक सौहार्द की भावना कायम करने के साथ-साथ सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के प्राथमिक उद्देश्यों में युवा सशक्तिकरण, सामाजिक जागरुकता और सामुदायिक विकास शामिल हैं। शिविर के समन्वयक डॉ. मोहम्मद इदरीश राजा खान ने बताया कि सात दिवसीय स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, पोषण शिक्षा, करियर काउंसलिंग और डिजिटल साक्षरता के बारे में छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी जाएगी।



हिसार। हवन में भाग लेते मुख्य अतिथि एवं विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

# महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर किया हवन यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

डीएवी महात्मा आनंद स्वामी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में वृहस्पतिवार को स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन-यज्ञ आयोजन का उद्देश्य स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन और दर्शन को याद करना और उनके संदेश को आमजन तक पहुंचाना ही था।

इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल शैलजा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती एक महान विद्वान, समाज सुधारक और आध्यात्मिक नेता थे। उनके जीवन और दर्शन ने हमें ज्ञान, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है। हवन आयोजन में स्कूल के छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर वेद मंत्रों का पाठ किया गया।



हांसी। महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर आयोजित हवन-यज्ञ में भाग लेती स्कूल प्रिंसिपल शैलजा व स्कूली विद्यार्थी *फोटो : हरिभूमि*

# नई भर्ती की मांग, किया प्रदर्शन

- भर्ती नहीं होने से एलआईसी कर्मियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के आह्वान पर नई भर्ती की मांग पर देशभर के बीमा कर्मचारियो ने एक घंटे की सांकेतिक हड़ताल की। एलआईसी की दोनों शाखाओं के कर्मचारियों ने हड़ताल का समर्थन कर कार्यालय से बहिर्गमन करते हुए हड़ताल में भागीदारी की। कार्यालय में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा धरना दिया। मंडल अध्यक्ष त्रिलोक बंसल व एनएस पिलानिया ने गुरुवार को कहा कि वर्ष 2019 के बाद से संस्था मे तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी मे कोई भर्ती नही हुई है जिस कारण कर्मचारियों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। बीमा कर्मी नेता सुरेंद्र पूनिया ने संस्थान में सिर्फ नई भर्ती करने एवं यूनियन को मान्यता देने की मांग की। प्रदर्शन मे त्रिलोक बंसल, एनएस पिलानिया, सुरेन्द्र पूनिया, मुकेश कुमार, कृष्ण कुमार, प्रेम शर्मा, रंजना, उषा ग्रोवर, अंजू कपूर, विनोद कुमार,राजेंद्र सिंह, अजीत सिंह, पूजा लोहान, अनुज, रीतू, विपिन, दिनेश, वैशाली व सूरज मौजूद रहे।



हिसार। हड़ताल के दौरान कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे बीमा कर्मचारी।

### अरूण हत्याकांड: पांच आरोपित को हिरासत किया गिरफ्तार, आज कोर्ट में होगी पेशी

**हांसी।** बोगा राम कालोनी के समीप मंगलवार देर रात को चाकूओं से गोदकर एक युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने 5 संभावित आरोपितों को हिरासत में लिया है। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए पांचों आरोपितों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस रिमांड के दौरान हत्या में प्रयोग चाकू व कार बरामद करने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब रहे की बोगा राम कालोनी निवासी अरूण की मंगलवार देर रात उस वक्त चाकूओ से गोदकर हत्या कर दी गई थी, जब वह अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर वापस लौट रहा था। और पार्टी से वापस लौटते समय अरूण व उसके दोस्तों की कालोनी के ही कुछ युवकों के साथ कहासुनी हो गई थी, लेकिन उस वक्त आसपास के लोगों ने दोनों पक्षों के युवकों को अलग कर मामला शांत करवा दिया था, परंतु उसके बाद एक पक्ष के युवकों ने अपने दोस्तों को फोन कर मौके पर बुला लिया था, और कार सवार युवकों ने मौके पर पहुंच अरूण को घेरकर उस पर चाकुओं से हमलाकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने अरूण के चाचा राजेश के बयान पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। जिसके बाद पुलिस ने जांच करते हुए बृहस्पतिवार शाम को इस मामले में संलिप्त पांच संभावित आरोपितों को हिरासत में लिया है।

- चाकू घोंपकर की थी नाबालिग की हत्या, नहर कोठी के पास मिला खून से लथपथ पड़ा मिला था शव

# समस्याओं का होगा जल्द समाधान

- दो दिवसीय दौरे के दौरान विधायक चंद्रप्रकाश ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

आदमपुर से विधायक व सेवानिवृत्त आईएएस चंद्रप्रकाश ने हलके के विभिन्न गांवों का दो दिवसीय धन्यवादी दौरा करके ग्रामवासियों से मुलाकात की और गांवों का अवलोकन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक चंद्रप्रकाश को गांवों में व्याप्त समस्याओं से भी अवगत करवाया। इस दौरान उनके साथ भूपेंद्र कासनिया, रेणु चहल, रामचंद्र झूरिया, कुलदीप मोडाखेड़ा, अंकुश बेनीवाल, कृष्ण चिंपा, सुखबीर डुडी, कर्ण सिंह व परमजीत मावलीया सहित कई कांग्रेस नेता व काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि वे हमेशा हलकावासियों के लिए उपलब्ध हैं और हर समस्या के त्वरित निदान के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। ग्रामीणों ने महलसरा व जाखोद सहित चार गांवों के वाटर वर्क्स का निर्माण अधर में लटके होने संबंधी जानकारी भी चंद्रप्रकाश के साथ साझा की। इस संदर्भ में विधायक चंद्रप्रकाश ने उच्च अधिकारियों से बातचीत करके तुरंत प्रभाव से चारों वाटर वर्क्स का निर्माण कार्य एवं सडक़ का निर्माण जल्द से जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए।



## विधायक को हांसी के लोग करते हैं दिल से प्यार: राजयोगिनी

# सुखी जीवन के लिए नकारात्मकता छोड़ें: भ्याणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

जीवन को खुशियों से भरने के लिए नकारात्मकता से दूर रहकर दूसरों की भलाई के लिए काम करें। यह बात विधायक विनोद भ्याना ने बृहस्पतिवार को ब्रह्मा कुमारीज शांति सरोवर परिसर में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जीवन को खुशहाल बनाने के लिए प्राप्त ज्ञान को जीवन में धारण करके उसे व्यवहार में लाने का प्रयास करना चाहिए।

कभी भी नकारात्मकता को आसपास नहीं फटकने दें। यह जीवन का सुख चैन छीन लेती है। इससे बचने के लिए ध्यान साधना करनी चाहिए। इससे पूर्व उन्होंने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर आयोजित पांच दिवसीय खुशियां आपके द्वार महोत्सव का दीप प्रज्जवलित कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया।



हांसी। पांच दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ करते विधायक व एसडीएम।

इस अवसर पर राजयोगिनी लक्ष्मी दीदी ने कहा कि जीवन में खुशियां हम सबके लिए बहुत जरूरी है। व्यक्ति अपने जीवन में खुशियां पाने के लिए दिन-रात भाग दौड़ करता रहता है। भौतिक चीज कुछ समय के लिए तो सुख दे सकती है लेकिन खुशी के लिए मन में शांति होनी बहुत जरूरी है। इसलिए व्यक्ति को दिनचर्या में ध्यान साधना को अपनाना चाहिए।

एसडीएम राजेश खोथ ने अपने संबोधन में कहा कि ब्रह्माकुमारी शांति सरोवर में आकर चित को वास्तव में काफी शांति मिली है। उन्होंने कहा कि जीवन में सुख-दुख आते रहते हैं। दुख के अभाव को खुशी नहीं कहा जा सकता। इसलिए प्रतिकूल तथा अनुकूल परिस्थितियों में सामान्य बना रहना चाहिए।

महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गायक बीके युग रत्न ने बहुत ही प्रेरक आध्यात्मिक गीतों की प्रस्तुति दी। उनके गीतों ने दर्शकों को भाव विभोर किया। इस अवसर पर राज योगिनी उषा दीदी, राज योगिनी लक्ष्मी दीदी, केएल ग्रोवर नगर परिषद के उप प्रधान अनिल बंसल, अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान राम अवतार तायल सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अभिषेक कर निकाली लक्ष्मी नृसिंह की शोभा यात्रा

- मंत्रोच्चारण के साथ लक्ष्मी नृसिंह के चल विग्रह को पालकी में शोभायमान किया, श्रद्धालुओं ने पालकी को कंधों पर उठाकर की धाम की परिक्रमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्री तिरुपति बालाजी धाम में लक्ष्मी नृसिंह जी की सवारी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस शोभा यात्रा में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। स्वाति नक्षत्र में प्रातः पूरे विधि-विधान से भगवान नृसिंह जी का अभिषेक किया गया और सायंकाल विधानस्वरूप मंत्रोच्चारण के साथ लक्ष्मी नृसिंह के चल विग्रह को पालकी में शोभायमान किया गया।

बहुरंगी छत्र व मशाल के साथ सवारी शोभा यात्रा की शुरूआत की गई। श्रद्धालुओं ने पालकी को कंधों पर उठाकर धाम की परिक्रमा की। इस दौरान पूरा धाम जय श्रीमन्ननारायण, जय तिरुपति बालाजी और जय लक्ष्मी नृसिंह के उदघोष से गूंज उठा। सवारी शोभा यात्रा के उपरांत सभी साधकों में गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया।



**सूचना**

मैं, विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री सतबीर सिंह निवासी गांव मोहब्बतपुर, तहसील आदमपुर, जिला हिसार बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मनोष जिसने दसवीं कक्षा Rashtriya Military School, Bangalore Karnataka से उत्तीर्ण की है। मेरे पुत्र की अंकतालिका प्रमाण पत्र जिसका रोल नंबर 18131277 रजि. नं. K124/49006/0034 सत्र 2024 जो कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जारी किया हुआ है। मेरे लड़के की अंकतालिका प्रमाण पत्र में मेरा नाम विरेन्द्र तथा इसकी माता का नाम रिंकू दर्ज है जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम विरेन्द्र सिंह और इसकी माता के अन्य सभी दस्तावेजों में रिंकू रानी दर्ज है जो कि सही है। अब मुझे विरेन्द्र की बजाए विरेन्द्र सिंह तथा मेरी पत्नी रिंकू की बजाए रिंकू रानी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप



### छत्रपति शिवाजी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में महान योद्धा छत्रपति शिवाजी की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. शालू एस कटारिया ने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों के साथ छत्रपति शिवाजी को नमन करते हुए पुष्प अर्पित किए। विद्यार्थियों ने निबंध, कहानी व भाषण के माध्यम से छत्रपति शिवाजी के शौर्य, पराक्रम, स्वाभिमान व वीरता के कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना टीम के विद्यार्थियों ने तलवारबाजी के माध्यम से शिवाजी के शौर्य व पराक्रम की झांकी प्रस्तुत की।

### एलआईसी में नई भर्ती की मांग पर की हड़ताल



**हिसार।** ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के आह्वान पर नई भर्ती की मांग पर बीमा कर्मियों ने एक घंटे की सांकेतिक हड़ताल की। एलआईसी की दोनों शाखाओं के कर्मचारियों ने हड़ताल का समर्थन करते हुए कार्यालय से बहिर्गमन करते हुए हड़ताल में भागीदारी की। उन्होंने कार्यालय परिसर के समक्ष नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तथा धरना दिया।

### दो दिवसीय महाशिवरात्रि ध्यानोत्सव कल से शुरू

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 22 व 23 फरवरी को महाशिवरात्रि ध्यानोत्सव आयोजित करके विज्ञान भैरव तंत्र के विविध पहलुओं को साझा किया जाएगा। महाशिवरात्रि ध्यानोत्सव के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से साधक हिस्सा लेंगे। शिविर के दौरान दौरान मां सांची ध्यान की विधियों से रूबरू करवाएंगी।

### युवक पर हमला कर नकदी व मोबाइल छीना

**हिसार।** रेड स्कवेयर मार्केट में बीती रात कुछ युवकों ने सुए से हमलाकर एक युवक को घायल कर दिया। मार्बल सिटी निवासी घायल युवक हर्षबर्धन ने हमलावरों पर नकदी तथा मोबाइल फोन छीनने का भी आरोप लगाया है। हर्षवर्धन के अनुसार वह टैटू आर्टिस्ट है और बुधवार की रात्रि रेड स्कवेयर मार्केट में अपने दोस्तों के साथ मौजूद था। ठेके के पास आधा दर्जन के करीब युवक एक खोखे पर शराब पी रहे थे। उनमें से एक युवक उसके साथ बिना वजह बहस करने लगा। बात बढ़ गई और युवक ने अपने साथियों के साथ उस पर सुए से हमलाकर घायल कर 24,200 रुपये व मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

### चेक बाउंस मामले में उद्घघोषित आरोपी काबू

**हांसी।** शहर पुलिस ने चेक बाउंस मामले उद्घघोषित एक अपराधी लाल सड़क निवासी कुलदीप के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार अदालत ने आरोपी को चैक बाउंस के मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था।

## जूनियर वर्ग के नॉक आउट व सब जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले

# सब जूनियर वर्ग में सोनीपत और हिसार के बीच होगी खिताबी भिड़त



**हिसार।** एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान पर मैच खेलती खिलाड़ी। *फोटो: हरिभूमि*

### सब जूनियर 11वीं, जूनियर 18वीं व सीनियर 36वीं महिला हॉकी प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान पर राज्यस्तरीय 11वीं सब जूनियर, 18वीं जूनियर तथा 36वीं सीनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में गुरुवार को जूनियर वर्ग के नॉकआउट मुकाबले खेले गए। सब जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले करवाए गए। इन मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्साह से भाग लिया। सेवानिवृत खेल अधिकारी जगजीत सिंह मलिक, सेवानिवृत डीईओ देवेन्द्र सिंह, हॉकी कोच राजेश साईं, आजाद सिंह व रूचिका मौजूद रहे। सब जूनियर वर्ग में पहला मुकाबला हिसार व गुरुग्राम के बीच हुआ। हिसार ने 8-0 से जीत हासिल की। इसी तरह दूसरा मैच पानीपत व कैथल के बीच हुआ जिसमें पानीपत 9-0 से जीता। तीसरा मैच भिवानी व सिरसा के बीच खेला गया, जिसमें भिवानी ने 5-0 से जीत दर्ज की। अंबाला व जींद के बीच हुए चौथे मैच में जीद ने अंबाला को 6-0 से पराजित किया। अंतिम मैच कैथल व रोहतक के बीच खेला गया जिसमें रोहतक विजयी रहा और उसने कैथल को 3-0 से हराया। इसी तरह सब जूनियर वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में पहला मैच हिसार व रोहतक के बीच हुआ जिसमें हिसार 8-2 से जीता। दूसरा मैच सोनीपत व फतेहाबाद के बीच हुआ जिसमें सोनीपत ने फतेहाबाद को 4-0 से पराजित किया। इसके साथ ही हिसार व सोनीपत फाइनल में पहुंच गए।

#### आज होंगे ये मुकाबले

खेलों की इसी कड़ी में शुक्रवार को जूनियर वर्ग में पहला मैच सोनीपत व पानीपत के बीच, दूसरा मैच हिसार व फतेहाबाद के बीच, तीसरा कुरूक्षेत्र व जींद के बीच तथा अंतिम मैच भिवानी व रोहतक के बीच मुकाबले होंगे। इसी तरह सब जूनियर वर्ग के फाइनल मुकाबलों में पहला मैच जींद व फतेहाबाद के बीच तथा दूसरा मैच हिसार व सोनीपत के बीच होगा।

## हीलिंग हैंड्स 23 को करेगा फिजियोथैरेपी मेले का आयोजन



**हिसार।** हीलिंग हैंड्स फिजियोथेरेपी क्लीनिक द्वारा 23 फ़रवरी को नेशनल पार्क, कृष्णा नगर में विशाल फिजियोथैरेपी एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के आयोजक डॉ. दीपक ने बताया कि इस वर्ष हीलिंग हैंड्स फिजियोथेरेपी क्लीनिक की सेवा का 10वां वार्षिकोत्सव मना रहा है। इस अवसर पर शहर के लोगों को उचित स्वास्थ्य परामर्श देने के उद्देश्य से इस मेले का आयोजन किया गया है। इस मेले में मेडिकल व फिजियोथैरेपी की सुविधाएं निःशुल्क दी जाएंगी जिसमें परामर्श, उपचार और सलाह शामिल है। इसके अतिरिक्त इस मेले में स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न सेमिनार के जरिए शहरवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। मेले में जैविक प्रोडक्ट व पौष्टिक और स्वादिष्ट खानों की स्टॉल के साथ साथ रोमांचक खेल प्रतियोगिताएं भी रखी जाएंगी।

## सेंट कबीर के सक्षम ने नेशनल तीरंदाजी में जीता कांस्य पदक



**हिसार।** पश्चिम बंगाल के बोलपुर में आयोजित 44वीं जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता में सेंट कबीर विद्यालय के कक्षा सातवीं के छात्र सक्षम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया। सक्षम की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्या नीरू महतानी और विद्यालय प्रबंधक विजय सिंह ने गुरुवार को बधाई दी और कहा सक्षम की इस सफलता से विद्यालय और राज्य का गौरव बढ़ा है।



**हिसार।** चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित पूर्व सांसद डॉ. डीपी वत्स, कुलाधिपति डॉ. पुनीत गोयल व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## ओएसजीयू में उत्तर भारत इंटर विवि चेस चैंपियनशिप

- पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. डीपी वत्स ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज़ (एआईयू), नई दिल्ली के तत्वावधान में गुरुवार को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय में उत्तर भारत इंटर यूनिवर्सिटी चेस पुरुष चैम्पियनशिप का आगाज हुआ। चैंपियनशिप में उत्तर भारत के लगभग 40 से अधिक विश्ववद्यालय भाग ले रहे है। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. डीपी वत्स ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम का आग़ाज गणेश वंदना के साथ किया गया। डॉ. वत्स ने अपने संबोधन में चेस के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि यह खेल छात्रों में विश्लेषणात्मक सोच और निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करता है। इस मौके पर कुलाधिपति डॉ. पुनीत गोयल ने कहा कि चेस सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि यह बुद्धिमत्ता, धैर्य और मानसिक दृढ़ता का अद्भुत अभ्यास है। ओएसजीयू में इस चैम्पियनशिप की मेजबानी करना हमारे लिए गर्व की बात है और हम अगले चार दिनों में कौशल प्रतिभाओं को देखने के लिए उत्साहित हैं। इसी बीच प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह की चैम्पियनशिप युवाओं के लिए अपनी रणनीतिक क्षमता दिखाने, खेल भावना, एकाग्रता और समर्पण के मूल्यों को सीखने का एक बेहतरीन मंच है। यह टूर्नामेंट में एआईयू से नामित अधिकारी अनुराग सिंह एआईयू पर्यवेक्षक और कविता की देख रेख में होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. एनपी कौशिक, प्रति कुलपति प्रो. डॉ. राजेंद्र सिंह छिल्लर, चेस टूर्नामेंट के आयोजन सचिव डॉ. अमित नांदल समेत गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गुजवि में प्रतियोगिताओं का आयोजन

- गुजवि में 'कोनार्क 2025 इलुमिनेटिंग इनोवेशन टूमारो' टैकफेस्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** टैकफेस्ट में प्रतियोगिताओं में भाग लेते प्रतिभागी। *फोटो: हरिभूमि*

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर (पीडीयूआईआईसी) के सौजन्य से विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में चल रहे तीन दिवसीय इंटर यूनिवर्सिटी 'कोनार्क 2025 इलुमिनेटिंग इनोवेशन टूमारो' टैकफेस्ट के दूसरे दिन विजनाथॉन, ब्रेन बैटल्स, क्राउन फॉर कोड, टैकटेल्स, शटर शॉट व रील-ओ-मानिया प्रतियोगिताएं हुई। ऑनलाइन तथा ऑफलाइन प्रतियोगिताओं में हरियाणा तथा देश के अन्य राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। निदेशक प्रो. विशाल गुलाटी ने गुरुवार को बताया कि विजनाथॉन प्रतियोगिता में 25 टीमों ने भाग लिया जबकि ब्रेन बैटल्स प्रतियोगिता में प्रथम राउंड में 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राउंड दो में 18 व राउंड तीन में 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

क्राउन फॉर कोड प्रतियोगिता में ऑनलाइन हुए प्रथम राउंड में 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया जबकि पीडीयूसीआईसी की प्रयोगशाला में ऑफलाइन हुए दूसरे राउंड में 50 तथा तीसरे राउंड में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। टैकटेल्स प्रतियोगिता में प्रौद्योगिकी व आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस थीम पर कहानी लेखन प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों भाग लिया।

#### ये रहे मौजूद

निर्णायक की भूमिका प्रो. सुरेश मित्तल, प्रो. पंकज शर्मा, प्रो. सीपी कौशिक, डा. सुमित सरोहा, डा. सुनील वर्मा, डा. रमनीश, बैगबैंचर्स के नितिन गोयल, डा. हिमांशु मनचंदा ने निभाई। टैकफेस्ट का समापन व पुरस्कार वितरण समारोह 21 फरवरी को होगा।

## पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में बीएससी प्रथम वर्ष के छात्र दर्शन रहे प्रथम

- महिला कॉलेज में रसायन विभाग ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला



**बरवाला।** विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य दलबीर गिल व स्टाफ सदस्यगण।

राजकीय महाविद्यालय बरवाला में रसायन शास्त्र विभाग के अंतर्गत पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र दर्शन ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से प्रथम और छात्रा ईशा ने द्वितीय तथा प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य दलबीर गिल ने इन विजेताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी विकास चाहार, कार्यक्रम संयोजक हरदीप सिंह और निर्णायक मंडल की भूमिका में मंजू रानी और मीनाक्षी शर्मा तथा अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

## एसबीएस स्कूल माढ़ा में छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

- स्वयंसेवकों ने अभियान के दौरान आसपास की सफाई, डायरेक्टर सुनील चहल ने विद्यार्थियों को बताया कार्यक्रम का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद




**नारनौंद।** एसबीएस स्कूल माढ़ा में एनएसएस के स्वयंसेवक । *फोटो: हरिभूमि*

एसबीएस स्कूल माढ़ा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चलते स्वयंसेवकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को अपने आस-पास सफाई रखने के लिए भी प्रेरित किया। इस पर यूनिट की इंचार्ज पूजा शर्मा ने बताया कि इन छात्रो द्वारा समय-समय पर समाज के लिए तथा लोगों को जागरूक के लिए ऐसे कार्यक्रम करते रहते हैं। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. सुनील चहल ने बताया कि बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए स्कूल में अनेक कार्यक्रम किए जाते है जिससे वह समाज का एक अच्छा नागरिक बन सकें। इस अवसर पर स्कूल मे विकास, विजय, कृष्ण, हेमन्त, नीतू, रीना, मंजू, पूजा आदि मौजूद रहे।

## लक्ष्मीबाई कॉलेज में रक्तदान उत्सव आयोजित

- कॉलेज की 112 छात्राओं ने किया रक्तदान, प्राचार्य ने रक्तदान कर अनजान के जीवन की रक्षा कर सहायता करने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** रक्तदाता में मिलते अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन रक्तदान उत्सव का आयोजन किया गया जिसके मुख्यातिथि के तौर पर आईईसीएस, कम्प्यूटर एजुकेशन के डायरेक्टर पीयूष जैन और विशिष्ट अतिथि के रूप में द इंस्पायर इंडिया के संस्थापक सदस्य विनेश नागपाल व संरक्षक श्रवण तंवर उपस्थित हुए। मुख्यातिथि ने छात्राओं एवं स्टाफ का उत्साह देख रक्तदान को पवित्र कर्म बताते हुए कहा कि रक्तदानियों का जज्बा सराहनीय है। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कहा कि रक्तदान लोगों को ट्रांसफ्यूजन के माध्यम से आवश्यक रक्त प्राप्त करने में मदद करता है। इस उत्सव में महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने कहा कि रक्तदान एक सामाजिक कार्य है जिसमें रक्तदाता को आत्मिक गौरव की अनुभूति होती है। शिविर में डॉ. ऋचा के नेतृत्व में अग्रोहा मेडिकल हिसार की टीम द्वारा रक्त संचयन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने रक्तदान को जीवन का उत्सव बताया मुख्य अतिथि ने सभी रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। सभी रक्तदाताओं को पुष्पा जिंदल के सौजन्य से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के प्रबंधक अज़ीज़ प्रधान ने अपनी धर्मपत्नी सरिता शर्मा के साथ रक्तदान किया। गांव भिवानी रोहिल्ला से मनोज कौशिक, सुल्तान सिंह, सोमबीर ने रक्तदान किया। महाविद्यालय की 112 छात्राओं ने रक्तदान के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया।

## सुशीला भवन स्कूल में स्टेम मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** स्टेम मेले का अवलोकन करते अतिथिगण। *फोटो: हरिभूमि*

सुशीला भवन के नजदीक स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्टेम मेले का आयोजन किया गया। मेले में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों ने विज्ञान और गणित के विभिन्न मॉडलों को बड़े ही अच्छे तरीके से प्रदर्शित किया। मेले के माध्यम से बच्चों ने कम कीमत में मॉडल बनाकर सिद्धांतों को समझाया। प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। संतोष ओला की सहायता से विज्ञान अध्यापिका कमलेश कुमारी ने मेले का आयोजन किया।

बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सहायता से गणित और विज्ञान विषय को सभी के सामने रोचक और आसान तरीके से प्रस्तुत किया। इस मौके पर एसआईएम प्रवीण पूनिया और एबीआरसी अनीता शर्मा, किरण, मीनाक्षी, ममता, पूनम, सुकृति, सुनीता अध्यापिका बलजिंदर कौर, शीला, पुष्पा, वोकेशनल अध्यापिका कृति, रामभतेरी सहित स्कूल के बच्चे और अभिभावक भी उपस्थित थे।

## जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में रहा ओवरऑल विजेता

# राजकीय महाविद्यालय ने लहराया परचम

- राजगढ़ रोड कॉलेज जंतु विज्ञान, रसासन विज्ञान व कम्प्यूटर विज्ञान में रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



**हिसार।** प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी व स्टाफ सदस्यों के साथ विज्ञान प्रदर्शनी में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीम। *फोटो: हरिभूमि*

राजगढ़ रोड पर स्थित राजकीय महाविद्यालय ने राजकीय महाविद्यालय हांसी में आयोजित जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुए जंतु विज्ञान, रसायन विज्ञान व कंप्यूटर साइंस में प्रथम स्थान, भौतिकी में द्वितीय स्थान व भूगोल विषय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ मनोविज्ञान विभाग की विद्यार्थी डिंपल बेस्ट एक्सप्लेनेटर रही। महाविद्यालय ओवरऑल भी प्रथम स्थान पर रहा।

महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि ये विद्यार्थी करनाल में होने वाली राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेंगे। शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ. विवेक कुमार सैनी ने स्वागत किया। डॉ. सैनी ने कहा कि विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम व अपनी अथक मेहनत ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

#### टीम इंजार्च और विभागाध्यक्ष ने सराहा

प्राचार्य ने सभी टीम इंचार्ज व विभागाध्यक्षों की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी की इंचार्ज डॉ. वीनू मेहता, उपप्राचार्य डॉ. राजेंद्र सेवदा, डॉ. सुरेंद्र बाजिया, डॉ. करणसिंह गिल, डॉ .निर्मल राठी, डॉ. अनुपम, डॉ सुदेश, डॉ. मालविका, प्रो. मनोज कुमार तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।